हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

06 अश्रुपूर्ण आंखों से मां को दी विदाई



07 12 को श्योपुर दौरे पर आएंगे मुख्यमंत्री मेडिकल...





## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में नियमित योग गतिविधियां अनिवार्य

**सागर।** वर्तमान समय में डिजिटल संसाधनों के प्रचलन के कारण विद्यार्थियों की खेलकूद एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में रुचि में कमी आई है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए, शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर में शामिल योग अभ्यास के कालखण्ड का पालन करते हुए अब प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान 10 से 15 मिनट का योग अभ्यास अनिवार्य किया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जारी आदेशानुसार समस्त संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे विद्यालय में नियमित रूप से योग गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, जिला स्तर के अधिकारी समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर इन गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी करेंगे।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिल रहा है प्रोटीन युक्त भोजन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से रोटी सहित अन्य भोजन आंगनवाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को प्रदान किया जाने लगा है। विगत दिवस कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश दिए थे कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाए जिसमें रंगीन रोटी के साथ-साथ सब्जी भी प्रोटीन युक्त रहे। इसी कड़ी में अब आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित होने वाली रोटी जिसमें मुनंगा सहित अन्य प्रोटीन का मिश्रण करके रोटी तैयार की जा रही है और सब्जी वितरित की जा रही है। इसी प्रकार दाल, सब्जी में भी मुनंगा एवं अन्य प्रोटीन डालकर तैयार कर परोसा जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी. आर. की यह पहल आंगनवाड़ी में अध्यनरत बच्चों के लिए अच्छी लग रही है और इस खाने को देखकर लगातार केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित हो रही है।

## भावांतर योजना में पंजीयन शुरू, किसानों को सोयाबीन में 5328 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा रेट

# कलेक्टर के निर्देशः योजना का गलत तरीके से लाभ लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी, मंडियों में किसानों के लिए हेल्पडेस्क बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

योजना का गलत तरीके से लाभ लेने वालों पर कड़ी कार्यवाही करे एवं मंडियों में किसानों के लिए हेल्पडेस्क तैयार करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। कलेक्टर ने बताया कि म.प्र. सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए भावांतर योजना प्रारंभ की गई है। जिसका फायदा सोयाबीन का उत्पादन करने वाले कृषकों को मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान संगठनों और पंजीकृत व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन कर सभी को भावांतर योजना के फायदे एवं क्रियान्वयन की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसान सोयाबीन बेचते हैं तो मंडी रेट से जो एमएसपी का रेट होगा उसके बीच के अंतर की राशि का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने किसान भाइयों से योजना में पंजीयन कराने की अपील की।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा की 3 अक्टूबर से पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। जो 24 अक्टूबर तक चलेगें। योजना का लाभ लेने के लिए एमपी ऑनलाइन एवं सीएससी केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन किए जा सकते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई बिचौलिया या अन्य व्यक्ति




किसानों के हित को प्रभावित करेगा या योजना का लाभ गलत तरीके से लेने का प्रयास करेगा उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मंडियों में हेल्पडेस्क बनाने, योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा किसानों को सोयाबीन विक्रय करने पर एमएसपी रेट 5328 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, भावांतर योजना के अंतर्गत मंडी मॉडल रेट और एमएसपी रेट के अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में आएगी।

### शुरू हुआ दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में जिले के सभी पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार की जानकारी दे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पशुपालन करने वाले किसानों व पशुपालकों की आय व दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी की जयंती से दुग्ध समृद्धि अभियान शुरू हुआ है। यह तीन चरणों में चलेगा। शुरुआत ग्राम सभाओं से की जाएगी। पहले चरण में 10 या 10 से अधिक गोवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा। दूसरे चरण में 5 या अधिक गोवंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गोवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी/मैत्री द्वारा पशुपालकों से घर जाकर मुलाकात की जाएगी और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में बताया जाएगा। यह अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा।




## भाग्योदय की तरह पूरे देश में रोशन होगा विद्योदय तीर्थ सागर का नामः शैलेन्द्र जैन विधायक

**सागर।** भाग्योदय तीर्थ के पास खुरई रोड सागर स्थित विद्योदय तीर्थ में मुनि श्री विमलसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में चल रहे 720 मण्डलीय समवशरण विधान में हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबी शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने विधान महोत्सव में पहुंच मुनि संघ को श्री फल भेंटकर आशीर्वाद लिया एवं धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह सागर भाग्योदय तीर्थ अपने चिकित्सा सेवा के लिए जाना जाता है, आने वाले समय में भारत के मानचित्र पर विद्योदय तीर्थ का नाम अंकित किया जाएगा। उन्होंने कहा इस तरह की सामूहिक अनुष्ठान समाज में एकता व अखंडता का संदेश देने के साथ ही हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर विधान समिति के अध्यक्ष संतोष बिलहरा, चातुर्मास समिति अध्यक्ष प्रकाश जैन, कैट जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मालथौन, भामाशाह महेश बिलहरा, मुकेश ढाना, वीरेन्द्र मालथौन, देवेन्द्र जैना, आनंद स्टील, राजेश रोड लाइंस, दिनेश बिलहरा, अनूप ताले वाले, शैलेन्द्र जैन शालू, अनिल नैनधरा, प्रदीप पड़ा सहित अनेक लोगों ने विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं पुलिस एवं प्रशासनिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



## रहली में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक चला, रावण दहन हुआ

**रहली।** गुरुवार को रहली में दशहरा मेले का आयोजन कॉलेज ग्राउंड में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाल भार्गव और नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने मेले का का उद्घाटन किया ,इसके बाद अखाड़े का पूजन और तीन करोड़ की लागत से निर्मित होने जा रहे नगरपालिका भवन का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल भार्गव और नपा अध्यक्ष देवराज सोनी सहित विभिन्न अतिथियों ने कार्यक्रम में संबोधन भी दिया। देर रात रावण दहन हुआ। नगर की सुनार नदी में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सुबह से ही प्रारंभ हो गया था। जो सिलसिला मेले के बाद देर रात तक चला। आयोजित मेले का संचालन घनश्याम दुबे,आशीष उपाध्याय, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लाइव कमेंट्री नेपाल सिंह ,पंकज सिंघई, सलामत खान और सहयोगियों द्वारा किया गया। विभिन्न गणमान्य नागरिक, पार्षद गण, अधिकारी गण हजारों की संख्या में दर्शनार्थी शामिल हुए।

## खेत में कटी फसलों पर दिखा बारिश का प्रभाव अंकुरित हुए सोयाबीन-उड़द के दाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

दो दिन पहले से रही बारिश का प्रभाव अब खेतों में काटकर रखी फसल पर दिख रहा है। सोयाबीन व उड़द के दानों पर लगातार बारिश का पानी पड़ने से फलियों के दाने अंकुरित होने लगे हैं। वहीं कुछ खेतों में अब भी जलभराव है,जिस कारण न तो मजदूर कटाई कर पा रहे हैं और न ही खेतों में हार्वेस्टर पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में कुछ किसान आगामी फसल की बोवनी के लिए खेत तैयार करने कटाई की बजाय खड़ी या काटकर रखी फसल पर बखर चलाने का मन बना रहे हैं।

रहली व गढ़ाकोटा तहसील के कई ग्रामों में लगातार तीन दिन तक रुक-रुककर तेज बारिश हुई। गढ़ाकोटा तहसील के ग्रामों में तेज बारिश हुई। जबकि इन दिनों खेतों में सोयाबीन,उड़द की कटी फसल रखी है या फिर पकी फसल खड़ी है। जहां पर कटी फसल ढेर के रूप में रखी है, वहां पर सोयाबीन व उड़द



के दाने अंकुरित होने लगे हैं, जबकि खड़ी फसल की फलियां चटक गई हैं व दाना बिखर गया है।

किसानों का कहना है कि सोयाबीन व उड़द की फसल अगस्त में हुई बारिश से पहले ही बर्बाद हो चुकी है। वर्तमान में हुई बारिश के बाद फसल की कटाई और थ्रेसिंग घाटे का सौदा होगी। किसान अभय कुमार,संतोष कुमार चौबे, रेंगुवा, विनोद कुर्मी घोनों, शिवराज सिंह ठाकुर घोघरा, लकी तिवारी खेजरा, अशोक कुर्मी चरखारी, अखिलेश कर्मी दतपुरा आदि ने बताया कि फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है अब कटाई का कोई औचित्य नहीं हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने एसडीएम कुलदीप पाराशर ने दल गठित कर सर्वे के आदेश दे दिए है। कुछ किसान सर्वे दल के इंतजार में कटाई और श्रेसिंग रोके हैं। किसानों को बारिश से फसल बर्बाद होने पर क्षतिपूर्ति व बीमा मिलने की आश है।



## समाज में व्याप्त बुराई रूपी रावण को जलाने का संकल्प लें: भूपेन्द्र सिंह

**सागर।** रावण अधर्म, अत्याचार और अन्याय का प्रतीक है। दशहरा पर हम कागज से बना रावण जलाते हैं। मगर असली रावण तब जलेगा, जब समाज से बुराईयां खत्म होंगी। समाज में सबसे बड़ा रावण शराब है। जब तक यह नहीं जलेगा, तब तक जनता सुखी नहीं रह सकती और इसके लिए हमें अपने क्षेत्र के गाँव-गाँव में उन लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना होगा जो अवैध शराब का करोबार कर रहे हैं। यह उद्गार पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई और कनेरागौड़ में आयोजित दशहरा महोत्सव में व्यक्त किये। इस अवसर पर युवा नेता श्री अविराज भूपेन्द्र सिंह ने शिव तांडव स्त्रोत को कंठस्थ सुनाया। पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम ने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए रावण को मारा था। अधर्म और अभिमान के कारण ही रावण का अंत हुआ। श्रीराम ने रावण के भाई विभीषण को सोने की लंका का राजपाट सौंपते हुए यही कहा था कि लंका में धर्म का राज स्थापित हो और प्रजा सुखी रहे। उन्होंने कहा कि रावण को जलाने का यही संदेश है कि राम राज्य स्थापित हो और जनता सुखी रहे। सबके साथ न्याय हो। गरीब को जब तक न्याय नहीं मिलेगा, राम राज्य नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि जीवन में धर्म ही आपके साथ जाएगा। अधर्म का धन कभी आपके पास नहीं रह सकता। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि रावण के अंत का कारण उसका अभिमान था। अभिमान के कारण ही रावण, कंस और कौरव मारे गये। इसलिए आज यह संकल्प लें कि हमारे जीवन में अभिमान न हो और हम न्याय, धर्म के मार्ग पर चलें। हम हजारों साल से रावण का वध कर रहे हैं पर क्या हम अपने मन के अंदर का रावण जला पाए। बुराईयाँ ही मन के अंदर का रावण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में सबसे बड़ा रावण शराब है जो सब प्रकार से व्यक्ति का पतन कर देती है। सारी समस्याओं की जड़ शराब है। इसलिए आज हमें कागज का नहीं, बल्कि शराब रूपी रावण को जलाना है। गांव-गांव में महिलाएं अवैध शराब बेचे जाने की शिकायत करती हैं। इसे रोकना है तो ऐसे लोगों का समाज से बहिष्कार करना होगा जो शराब के अवैध धंधे से लगे हैं। हम सबको मिलकर शराब के खिलाफ मिलकर अभियान चलाना होगा। पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नारी देवी स्वरूपा है और हमारा धर्म देवी प्रधान है। हमारे धर्म का केन्द्र नारी है, मां दुर्गा है। द्रोपदी का अपमान करने से महाभारत में कौरवों का सर्वनाश हुआ और माता सीता के अपमान में रावण मारा गया। उन्होंने कहा कि सभी जन यह संकल्प लें कि अपने बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देंगे। घर में कन्या होगी तो अच्छे संस्कार देकर उसे देवी बनाएंगे और पुत्र होगा तो उसे राम, कृष्ण जैसा बनाएंगे।

## विधायक शैलेंद जैन ने किया शमशान घाट परिसर में नमो उद्यान का निरीक्षण व पौधारोपण, मियावाकी पद्धति से हो रहा है विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर निगम सागर द्वारा नरयावली नाका स्थित शमशान घाट परिसर में बनाए जा रहे "नमो उद्यान" का निरीक्षण एवं पौधारोपण कार्यक्रम सोमवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री उपस्थित रहे। विधायक जैन ने पूरे परिसर का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शमशान घाट जैसे संवेदनशील स्थल को हरित एवं स्वच्छ वातावरण देने के उद्देश्य से "नमो उद्यान" विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्यान के लिए चिन्हित स्थान को व्यवस्थित तार फेंसिंग कर मवेशियों से सुरक्षित




किया गया है। परिसर में आकर्षक प्रवेश द्वार भी निर्मित किया गया है। उद्यान में पीपल, बरगद, नीम, चक्रेसिया, आंवला और कचनार जैसे पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए हैं। विशेष रूप से तुलसी के पौधों के लिए अलग से "तुलसी वन" विकसित किया जा रहा है। इस उद्यान को मियावाकी पद्धति से विकसित किया जा रहा है। इस पद्धति से पौधे तेजी से बढ़ते हैं और घना हरित क्षेत्र निर्मित होता है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह स्थल शमशान घाट है, जहां बड़ी मात्रा में धुआं निकलता है, इसलिए यहां पौधारोपण से वातावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाए रखने में मदद मिलेगी। निरीक्षण एवं पौधारोपण कार्यक्रम में जगन्नाथ गुरैया, उप यंत्री दिनकर शर्मा सहित स्थानीय नागरिक एवं निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने नगर पालिका मकरोनिया को जलकर की बकाया 12 करोड़ 13 लाख रुपए जमा करने के लिए नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी वसूली की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने मकरोनिया नगरपालिका पर माह सितम्बर 2025 तक जलकर राशि रू. 12 करोड़ 13 लाख 18 हजार 726 रुपए बकाया होने के कारण अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जलप्रदाय शाखा द्वारा जारी किए गए नोटिस में लेख किया गया है कि दिनांक 06 अक्टूबर 2025 तक बकाया जलकर राशि का भुगतान अनिवार्य रूप से नगर निगम को किया जावे अन्यथा की दशा में 07 अक्टूबर से जलप्रदाय बंद कर दिया जावेगा। नगर निगम आयुक्त ने बताया गया कि पेयजल की सप्लाई में प्रति माह लगभग राशि रू. 1.5 करोड़ का व्यय करना पड़ रहा है। मकरोनिया नगर पालिका को 01 अप्रेल 2024 से बल्क कनेक्शन के द्वारा जलप्रदाय किया जा रहा है जिसकी राशि जमा नहीं की जा रही है।

### डीडी कंपलेक्स के 39 दुकानदारों को नोटिस

परिषद में लिए गए निर्णय के पालन में आयुक्त के निर्देशानुसार कटरा बाजार स्थित डीडी कांपलेक्स की आवंटित 39 दुकानों की बकाया प्रीमियम राशि दुकानदारों द्वारा जमा न करने पर दुकानों का आवंटन निरस्त कर संबंधित दुकानदारों की जमा राशि राजसात करने के लिए बाजार प्रभारी द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं।




## एकता समिति ने गांधीजी व शास्त्रीजी को याद किया

**सागर।** एकता समिति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धापूर्वक यादकर नमन किया। अध्यक्षता समिति संस्थापक अब्दुल रशीद भाई ने की। उपस्थित सभी ने गांधी शास्त्री के चित्र के समक्ष दीपजलाकर कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कमलचंद जैन, राजेंद्र मलैया ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपने आप को मजबूत कैसे बनाया जाता है इस पर प्रकाश डाला। रशीद भाई, अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री देश के दो महान महापुरुष थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ निछावर कर दिया और अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए लाल बहादुर शास्त्री का नारा था जय जवान जय किसान यह दोनों देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजेंद्र सोनी मामा ने देश भक्ति गीत पेश किए। इस अवसर पर सुभाषचंद्र सराफ, शरद गुप्ता, चंपक भाई जैन, संजय शास्त्री, राजेंद्र मलैया, अजीत जैन, प्रमोद चौरसिया, मुन्ना भाईजान एवं गुजराती बाजार के व्यापारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय शास्त्री ने किया आभार प्रकट शरद गुप्ता ने किया।

### नगर पालिका के सीसीटीवी सेंटर से की गई निगरानी

# गढ़ाकोटा में देर रात तक हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, प्रशासन रहा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा में शारदीय नवरात्र पर्व के अंतिम दिन विजयादशमी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नगर में देर शाम से ही दुर्गा प्रतिमाओ का चल समारोह अखाड़े,डीजे,बाजे के साथ चल समारोह समितियों द्वारा निकाला गया,जो देर रात तक चलता रहा। जिसमें सबसे पहले परंपरानुसार मां काली कि प्रतिमा का समारोह निकाला गया। इसके बाद सभी दुर्गा प्रतिमाएं निकली। वहीं प्रशासन की मौजूदगी में दुर्गा विसर्जन का कार्यक्रम बड़े पुल के पास विसर्जन घाट पर देर रात तक चला।

यहां बता दें कि गढ़ाकोटा नगरपालिका द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बड़े पुल स्थित सुनार नदी के घाट पर पर्याप्त व्यवस्थाऐ की गई थी जिसमें हाइड्रा मशीन व वोट से विर्सजन में पुलिस, नगर पालिका,राजस्व एवं



वन अमला मौजूद रहा,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी स्वयं वोट पर सवार होकर विर्सजन कार्यक्रम में मौजूद रहे। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे,तहसीलदार महेश दुबे,पार्षद गणों के साथ राजस्व विभाग,नगर पालिका एवं पुलिस विभाग द्वारा विसर्जन कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थित रहकर दुर्गा विसर्जन कराया। इस अवसर पर नगर शक्ति कि आराधना में भाव विभोर रहा। तहसीलदार महेश दुबे ने बताया कि लगभग पैंतीस दुर्गा जी विसर्जित हो गई है कुछ शेष मूर्तियां रह गई है दशहरा पर्व शांति पूर्ण संपन्न हुआ। सभी लोगों का सहयोग रहा है

थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि दशहरे का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और देवी प्रतिमाओं का विसर्जन जारी है अधिकत्तर मूर्तियों का विसर्जन हो चुका है चार पांच प्रतिमाऐ ओर शेष है इसमें मुख्य रूप से पेट्रोल से चलने वाली वोट ओर हाइड्रा मशीन से बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है ओर नगर पालिका कि ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की गई है घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था ओर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं ओर सारे सुरक्षा के मानक उपायों को अपनाते हुए ही यहां पर विसर्जन का कार्यक्रम किया जा रहा है

## खबर संक्षेप

### मारपीट के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी, सिर पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम रखवारा में रहने वाले चिन्तामन पुत्र देवीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती शाम करीब 6 बजे उसका पुत्र रूपेश अपने खेत से कटाई कराकर घर की ओर लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव के रचपाल सिंह पुत्र कमल यादव व प्रशान्त पुत्र सुखपाल यादव ने अपने एक अज्ञात साथी के ट्रैक्टर से गांव की ओर आते समय उसके पुत्र को देखे बिना कुछ कहे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दीं और धमकाया। मारपीट करने लगे, विरोध करने पर प्रशान्त ने उसके पुत्र के सिर पर पीछे से कुल्हाड़ी मार दी, जिससे उसका पुत्र लहुलुहान हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द) व 3 (1)(घ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कट्टा दिखाकर अपने साथ ले गये बदमाश फिर की मारपीट

**ललितपुर।** थाना नाराहट के ग्राम डोंगराकलां निवासी धीरज पुत्र जाहर ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 30 सितम्बर को रात करीब 8 बजे वह दुकान से घर आ रहा था। तभी गांव के महेश पुत्र नाथूराम अहिरवार, शेरसिंह व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उसे कट्टा दिखाकर रास्ते में रोक लिया। जब उसे बचाने अजय व रागबिन्द्र आये तो उन्हें भी कट्टा दिखाकर धमकाते हुये उसे साथ ले जाकर मारपीट की। जब गांव के अन्य लोग मौके पर आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल, ग्वालियर रेफर

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पटउवा निवासी दशरथ पुत्र पर्वत ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 14 सितम्बर को उसके पिता पर्वत पुत्र हिम्मत पटउवा से बिरधा अपने निजी कार्य से गाड़ी संख्या यू.पी. 94 व्ही 6478 से आ रहे थे। बताया कि शाम करीब 6.15 बजे नेशनल हाई-वे 44 स्थिति गिरराज पेट्रोल पम्प के पास अपनी बाइक से धीमी गति से आते समय पीछे से गाड़ी संख्या यू.पी. 94 ए.बी.1248 के ड्राईवर ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पिता की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गये और उसके पिता के हाथों में चोट लग गयी। इसी बीच वहां से गुजर रहे बजरंग दल के कुछ लड़कों ने उनके पिता को सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी और फिर ग्वालियर रेफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर वाहन चालक के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गाजे बाजे के साथ देर शाम तक चला मां के स्वरूप की विदाई का सिलसिला

# अश्रुपूर्ण आंखों से मां को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नवरात्रि पर्व के समापन पर पिछले नौ दिनों से पूजित मां भवानी की प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ ले जाने का सिलसिला देर रात्रि तक लगा रहा। उत्साहित भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए नगर परिक्रमा की। नगर में झांकी स्थलों से प्रतिमाओं को गोविंद सागर बांध की तलहटी में विसर्जन तालाब तक पहुंचाया गया। उत्साही युवाओं ने रंग गुलाल उड़ा कर श्रद्धा का प्रदर्शन किया। भ्रमण के पश्चात विधि विधानपूर्वक इन स्वरूपों को विसर्जित कर दिया गया।

पिछले 9 दिनों से समूचा जिला दुर्गामय बना हुआ था। सुबह व सायंकालीन होने वाली आरती में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित होकर आदिशक्ति की श्रद्धा में लीन बने रहते थे। आज अधिकांश कार्यक्रमों का विधिविधान पूर्वक समापन हो गया है। जहां सिद्ध पीठों पर पिछले 9 दिनों से श्रीमद् भागवत कथा, श्रीराम कथा, दुर्गा सप्तशती पाठ आदि के कार्यक्रम चल रहे थे, वहीं झांकी स्थलों पर प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे। आज यज्ञ क्रियाओं के साथ मां भवानी के स्वरूप के समक्ष आहूतियां दी गईं। अपरांह समय मां के दरबारों से प्रतिमाओं को वाहनों में सजा कर नगर परिक्रमा के लिए ले जाया गया। मां के स्वरूपों को आस्थावान युवक सम्भाले हुए थे वहीं नृत्य करतीं टोलियां परम्परागत गीतों पर झूमती हुई चल रहीं थीं। पिछले नौ दिनों तक जो श्रद्धालु लगातार क्रियाओं में भागीदारी जता रहे थे वह अंतिम दिन भी बड़े उत्साह के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए पवित्र सरोवरों में ले गए। अगले वरस फिर आना के साथ देवी प्रतिमाओं को विदाई दी गई। नगर में ग्रामीण क्षेत्रों से अलग आज नजारा बिखरा हुआ था। गोविंद सागर बांध की तलहटी में आदीशक्ति की प्रतिमाओं की सामूहिक महाआरती उतारी गई। पूजन विधान की क्रियाओं के पश्चात स्वरूपों को अश्रुपूरित नेत्रों से विसर्जित कर दिया गया। जिले में शारदीय नवरात्रि के दौरान होने वाले कार्यक्रम पहचान बने हुए हैं। इन कार्यक्रमों में धर्म, जाति जैसे संकुचित नामों के लिए कोई जगह नहीं होती। दूसरे धर्मों के अनुयाई भी बढ़-चढ़ कर आयोजनों में भागीदारी निभाते हैं। 9 दिनों तक चलने वाले आयोजनों में उन्होंने प्रमुख रूप से योगदान दिया। झांकी स्थलों से भले ही मां के स्वरूपों की विदाई हो गयी हो लेकिन जिले का सौहार्द सदैव याद रखा जाएगा।





#### बांध पर तैनात रहे अधिकारी व पुलिस फोर्स

जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के संयुक्त आदेश पर गोविन्द सागर बांध पर बनाये गये विसर्जन तालाब के आसपास भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर आलाधिकारियों के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, एसडीएम सदर मनीष कुमार, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा व सीओ सिटी अजय कुमार लगातार भ्रमणशील रहे। वहीं यातायात सुगम बनाये रखने के लिए यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी व उनकी टीम का अहम योगदान रहा।

## भव्य और दिव्या मां जगदम्बा के दरबार में गरबा-डाण्डिया खेलकर मनाया उत्सव

### मां शारदा बिहार कालोनी में हुआ भव्य आयोजन



ललितपुर। मां भगवती के नौ दिनों तक सजे भव्य और दिव्य पाण्डालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम पूरे जिले में देखी गयी। यहां पुरुषों ने जहां एक ओर धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में भजन-कीर्तन और सुन्दर काण्ड जैसे पाठ का दिव्य आयोजन किया तो वहीं बालिकाओं-महिलाओं ने भारतीय संस्कृति के प्रतीक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया। इसी क्रम में शहर में जगह-जगह सजे मां भवानी के पाण्डालों में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हुये। मां शारदा बिहार कालोनी में सजायी गयी मां जगदम्बा के दरबार में भव्य गरबा व डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कालोनी की सभी माताओं- बहनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभायी। मां जगदम्बा के दरबार के समक्ष गरबा व डांडिया खेलकर उत्सव को मनाया। बताया गया कि गरबा जीवन के चक्र का प्रतीक है। गरबा व डांडिया शक्ति पूजन के अनुष्ठान हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभा ताम्रकार ने की, जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में कालोनी में निवासरत माताओं-बहनों का भरपूर योगदान रहा। इस दौरान अंतिम जैन, पूनम राठौर, रजनी बुन्देला, ऊषा शर्मा, अहिल्या शर्मा, ज्योति ताम्रकार, अलका अग्रवाल, सरोज जैन, पूर्णिमा जैन, आकृति, मनीषा, मेघा, रूचि, शशि जायसवाल के अलावा अनेकों महिलाएं शामिल रहीं।

## दुर्गा पांडाल में हवन-पूजन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

### दोनों पक्षों में जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नेहरू नगर के रामराजा रेजीडेंसी में रखी मां भगवती के पाण्डाल में दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। अब नेहरू नगर चौकी पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से रेजीडेंसी में रहने वाली प्रभा समेले पत्नी कैलाश समेले ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा नवदुर्गा पूजन के लिए झांसी से पं.सुरेश कुमार को बुलाया था। जब पण्डितजी पूजन-हवन कार्य करा रहे थे, तब शशांक दुबे पुत्र प्रमोद दुबे एवं उनकी बहन पूजा दुबे पाण्डाल में आकर गालियां देने लगे और झांसी से आये पण्डितजी को मारने एवं भगाने की बात कहने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट करते हुये डण्डा मार दिया, जिसे उनके बायं हाथ में चोट लग गयी। मौके पर सोमेश समेले, कैलाश समेले, प्रभात चतुर्वेदी पुत्र आनंद स्वरूप, शिवम जैन पुत्र राकेश जैन, विनय रजक पुत्र वृन्दावन व हरिश्चंद्र पुत्र ग्याप्रसाद ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पूजा पत्नी प्रेमनारायण पुत्री प्रमोद दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने पिता व भाई शशांक दुबे मां दुर्गा की मूर्ति जो कि रामराजा रेजीडेंसी पर स्थित है पर पण्डित थे। बताया कि मां दुर्गा की पूजा व देखभाल प्रथम दिवस से ही कर रहे थे। बताया कि 1 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे वह अपने परिजनों के साथ मां दुर्गा के पूजन में पहुंचे तो वहां मौजूद प्रभात चौबे, कैलाश समेले, प्रभा समेले, सोमेश समेले ने पं.सुरेश पस्तोर को बुला लिया। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये उसे व उसके भाई को घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पास वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### विसर्जन के दौरान एक के डूबने की आशंका

**ललितपुर।** मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्राम अडेला के तालाब में एक व्यक्ति की डूबने की आशंका जताई जा रही है। बिरधा चौकी के अंतर्गत ग्राम अडेला में मूर्ति विसर्जन करते समय नेतराम पुत्र दयाराम उम्र 45 वर्ष पानी में डूबने से हादसा हुआ आनंद फाइनेंस में पुलिस के गोताखोरों ने नेतराम कीय्तलाश की जा रही है।

### डा.आकाश ने पेश की सर्जरी की मिसाल

## मासूम किशोरी की पैरों की सर्जरी कर विकलांग होने से बचाया



**ललितपुर।** सड़क दुर्घटना में बाल बाल बची बुरी तरह घायल किशोरी को मौत के मुंह से बाहर निकालने का श्रेय डा.आकाश खैरा और उनकी टीम को जाता है। उन्होंने झांसी व गवालियर से हार कर लौटी 14 वर्षीय छात्रा सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन जीने का अवसर दिया है। हाल ही में 24 सितंबर को हाईवे पर मन्नू पम्प के पास एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गयी थी और उसकी 14 वर्षीया नातिन राजनंदिनी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। मेडिकल कॉलेज ललितपुर में हालत गंभीर होने पर किशोरी को झांसी मेडिकल कॉलेज को रिफर किया गया था। जहां इलाज न मिल पाने से उसे गवालियर ले जाया गया था। जहां 5 दिन भर्ती रहने के बाद भी हालत में सुधार न होने पर परिजन अनिष्ट की आशंका से ग्रसित थे। वहां किसी ने उन्हें ललितपुर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.आकाश खैरा को दिखाने की सलाह दी। इस पर परिजनों ने ललितपुर लाकर बालिका को डा.खैरा को दिखाया। किशोरी का बहुत खून बह चुका था उसे खून की कमी थी। उसके दायें पैर में जंघा की हड्डी टूटी थी, बायें पैर की पिंडली की हड्डी भी टूटी थी। श्रोणि मेखला के कई टुकड़े हो चुके थे। दुर्घटना से शरीर में बहुत नुकसान हो गया था। डा.आकाश खैरा ने परीक्षण उपरान्त इसके कठिन ऑपरेशन करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने ऋषिराज अस्पताल में किशोरी राजनंदिनी का फीमर, पैल्विस और टीबिया हड्डी का सफल इलाज व ऑपरेशन कर हड्डियों को दुरुस्त कर दिया। एक ही शिफ्ट में बालिका की हालत में सुधार हो गया। उपचार पा रही किशोरी राजनंदिनी की मां ग्राम उदया निवासी कमलेश ने बताया कि डा.आकाश खैरा उसे भगवान के रूप में मिले हैं, जिन्होंने उनकी बेटी की जान सुरक्षित की है। अब उनकी बेटी खुश है और पूरा परिवार अवसाद से मुक्त हो गया है। उनके परिवार में खुशियां लौट आयी हैं। इस ऑपरेशन में सहायक पवन प्रजापति, ओमकरन सिंह, सिस्टर वर्षा यादव, जाहर सिंह, रोहित राजपूत, जयदेव और विशाल कुशवाहा का सहयोग रहा।

#### इनका कहना है

इस बालिका को मेजर मल्टी सिस्टम ट्रॉमा यानी प्रमुख बहुप्रणाली आघात हुआ था। एक साथ इसकी सारी हड्डियों का सफल इलाज कर दिया गया है। अब मरीज खतरे से बाहर है। जल्द ही वह सामान्य जिंदगी जीने लगेगा।

**डा.आकाश खैरा,** वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ।



## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी.एम.हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## *दशहरा रावण दहनपर रही धूमधाम जोरदार हुई अतिशबाजी, जय श्रीराम के नारों से गूंजा मैदान*



*ललितपुर। श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के द्वारा दशहरा पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। शाम को शोभायात्रा श्रीरघुनाथजी बड़ा मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि गाजे बाजो के साथ अपने निर्धारित मार्ग से होती हुई नदीपार, गोविंद नगर, रावतयाना, रामलीला मैदान में पहुंची यात्रा में सबसे आगे सीताजी का रथ, पीछे रावण का रथ, इसके बाद कुंभकरण, मेघनाथ का रथ, इसके बाद रावण दल उनके पीछे रघुनाथजी मंदिर के विग्रह, राम लक्ष्मण का रथ, राक्षस का दल, उनके पीछे वानर सेना, अपने करतब दिखाते हुए चल रही थी। रामलीला मैदान पर पहुंचने पर रणचंडी पूजन एवं शमी पूजन कार्यक्रम किए गए। इसके साथ ही लीला प्रारंभ हुई मंच पर राम रावण युद्ध का सजीव अभिनय पात्रों के द्वारा किया गया। इस बार समिति द्वारा पात्रों की संख्या बढाई गई। रामादल व रावण दल के सैनिकों की संख्या बड़ा कर उनको युद्ध के लिए प्रेरित किया। ताकि मंच पर युद्ध का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया जा सके। इसके लिए नई पोशाकें और अस्त्र, शस्त्र डंका धनुष आदि मंगवाए गए। पात्रों की संख्या अधिक होने से इस बार इस बार शोभायात्रा का रूप भी बड़ा हुआ। इसी क्रम में शाम 5 बजे से रामलीला मैदान पर राघव लोककला सोसायटी द्वारा श्रीशिवलीला, श्रीकृष्ण लीला व श्रीराम लीला, नृत्य आदि के मनमोहक प्रदर्शन किया गया। इस बार बुन्देलखण्ड के आतिशबाज द्वारा शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। जयश्री राम के नारों से के उद्घोष से पूरा मैदान गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर अधिकारियों व पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली मैदान पर 5 बजे से वृंदावन के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण नृत्य शिव काली नृत्य आदि के मनमोहक प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्यामांकांत चौबे, उपाध्यक्ष पं.राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, संयोजक जगदीश पाठक, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिव कुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, मुन्नालाल त्यागी आदि के अलावा अनेकों लोग उपस्थित थे।*

## जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी, फिर धमकाया

**सिर पर कुल्हाड़ी से किया हमला, एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम रखवारा में रहने वाले चिन्तामन पुत्र देवीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 सितम्बर को शाम करीब 6 बजे उसका पुत्र रूपेश अपने खेत से कटाई कराकर घर की ओर लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव के रचपाल सिंह पुत्र कमल यादव व प्रशान्त पुत्र सुखपाल यादव ने अपने एक अज्ञात साथी के ट्रैक्टर से गांव की ओर आते समय उसके पुत्र को देखे बिना कुछ कहे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दीं और धमकाया। मारपीट करने लगे, विरोध करने पर प्रशान्त ने उसके पुत्र के सिर पर पीछे से कुल्हाड़ी मार दी, जिससे उसका पुत्र लहुलुहान हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द) व 3 (1)(घ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसपी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री को किया नमन



**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में राष्ट्रीय पर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने दोनों महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधीजी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। तत्पश्चात प्रतिभाग करने वाले सभी पुलिस कर्मियों को उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगण संकल्प की शपथ दिलाई गयी। पुलिस अधीक्षक ने महात्मा गांधीजी के सिद्धांत सत्य और अहिंसा तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी के सिद्धांत जय-जवान, जय-किसान तथा देश की प्रगति, एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने के लिए इनके द्वारा किये गये अद्वितीय कार्यो, संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तथा स्वयं में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। मौजूद पुलिस बल, रिक्रूट आरक्षियों, आगन्तुकों को मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दी गई।

### महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया याद

# जनपद में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

02 अक्टूबर जनपद में पूरी सादगी के साथ महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह का आयोजन प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अयध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रातः से ही महापुरुषों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया, स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरियां निकाली गईं और गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर गोष्ठियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम की श्रृंखला प्रातः प्रभारी जिलाधिकारी ने घंटाघर स्थित महात्मा गांधी, चंदशेखर आजाद, सरदार बल्लभ भाई पटेलबाई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही स्कूली बच्चों की रैली को रवाना किया। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभारी जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान गया, कलेक्ट्रेट सभागार मे महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन वृतांत के बारे में विस्तृत चर्चा की, जिसमें विशेष रुप से निर्वलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बंधी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बंध में उनके विचारों का परिचय दिया गया। इस मौके पर जीजीआईसी की छात्राओं ने रामधुन ₹रघुपति राघव राजा राम₹ एवं ₹जैसो भारत देश महान₹ गीतों पर गायन और वादन की प्रस्तुति दी, जिस पर प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं को पुरस्कार भेंट किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि पहले की परिस्थितियां आज के जैसी नहीं थीं, उस समय आज के मुकाबले नाम मात्र के संसाधन थे, ऐसे समय में संपूर्ण भारत को एकजुट कर पाना अद्भुत इच्छाशक्ति का प्रमाण है, महात्मा गांधी जी ने इसे अपनी इच्छाशक्ति से संभव किया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि आज हम जिस पद पर हैं वहां से जनता के लिए अनेकों काम करते हैं, आम व्यक्ति हमारे पास आता है तो उसे न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य है। आज हम सभी संकल्प लें कि अपने पदीय दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और हमारे पास आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या का समाधान करेंगे। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती है, इन दोनों महापुरुषों का भारत की आजादी और विकास में महान योगदान रहा है, भारत की आजादी के लिए कई आंदोलन महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में चलाए गए और सफल रहे। उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से भारत के सभी वर्गों को एक झंडे के तले इकट्ठा किया, जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेज भारतीयों की एकता से डरे और भारत छोड़ कर चले गए। गांधी जी के अंत्योदय की भावना से प्रेरित अनेकों योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, ताकि अंतिम पायदान के व्यक्ति तक इनका लाभ मिल सके। उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि गांधी जी को जानना बहुत आसान है, उनके बारे में पढ़कर आसानी से उनके जीवन संघर्षों को हम जान सकते हैं। गांधी जी का कहना था कि किसी व्यक्ति में सुधार करना हो तो उसे भावनात्मक रूप से अधिक नजदीकी नहीं रखनी चाहिए, उसके साथ अनुशासनात्मक संबंध रखने चाहिए। उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज गांधी जयंती का पर्व हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। हमारे जो भी दायित्व हैं उन्हें पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करें, हमारी कथनी और करनी में भेद नहीं होना चाहिए। आज के दिन हम ये आंकलन करें कि हम कितना उनके आदर्शों पर चल सकते हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने कहा कि गांधी जी जब सत्य की खोज के साथ जुड़े तो वे बैरिस्टर से महात्मा बन गए। इसी प्रकार लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन भी सादगी भरा रहा। उन्होंने इस अवसर पर गीत के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। ओएसडी कलेक्ट्रेट अनिल दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि गांधी जी का स्पष्ट संदेश था कि सत्य ही ईश्वर है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की ख्याति न केवल भारत अपितु विदेशों में भी है।



## सीएम के श्योपुर दौरे की तैयारियों को लेकर भाजपा ने की बैठक

# 12 को श्योपुर दौरे पर आएंगे मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज के छात्रों से करेंगे संवाद!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगामी 12 अक्टूबर को श्योपुर के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव श्योपुर पहुंचकर यहां के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं से संवाद करेंगे। इसके साथही यहां शहर में रोड शो भी करेंगे। हालांकि अभी मुख्यमंत्री के श्योपुर आने का अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, लेकिन सीएम के श्योपुर के मद्देनजर शुक्रवार को भाजपा की बैठक आयोजित हुई।

आयोजित भाजपा की इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, कैलाश नारायण गुप्ता,सुरेन्द्र सिंह जाट,रामलखन नापाखेडली, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल समेत कई भाजपा नेताओं ने शामिल होकर सीएम के श्योपुर दौरे की तैयारियों को लेकर न केवल चर्चा की,बल्कि उनके कार्यक्रम व स्वागत की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप भी प्रदान किया।



### मेला ग्राउंड में होगा नागरिक अभिनंदन समारोह

बताया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 12 अक्टूबर को श्योपुर पहुंचने के बाद श्योपुर के मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओ से संवाद करेंगे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा कार्यालय से रोड शो निकलेगा। जो शहर के मुख्य बाजार और गणेश बाजार होते हुए पुल दरवाजे पर पहुंचेगा। बताया जा रहा है कि रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री श्योपुरवासियों से मुलाकात करेंगे, इसके साथही पुल दरवाजे पर स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां से रोड शो करते हुए मेला मैदान श्योपुर में पहुंचेंगे। जहां मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को श्योपुर जिले को अब तक उपलब्ध कराई कई सौगातों के लिए उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा की बैठक में भाजपा नेताओं के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा हुई कि मुख्यमंत्री की सभा में जिले के लोग अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने चाहिए। इसके लिए सभी भाजपा नेता अपने अपने स्तर से तैयारियां में जुट जाए।

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 12 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे के आसपास हेलीकॉप्टर से श्योपुर पहुंचेंगे। उनका हेलीकॉप्टर स्टेडियम ग्राउंड में उतरेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री शहर के मुख्य बाजार में रोड शो करते हुए श्योपुरवासियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद नागदा स्थित नव निर्मित मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर कॉलेज का अवलोकन करेंगे और श्योपुर से पहली बार डॉक्टरी की पढ़ाई करने के लिए यहां के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं से संवाद करेंगे और जानेंगे कि उन्हें यहां किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं है और उन्हें श्योपुर से ही डॉक्टर की पढाई शुरू करने पर कैसा महसूस हो रहा है, इस बारे में भी छात्र छात्राओ से चर्चा के दौरान जानेंगे।

### श्योपुर के मेडिकल कॉलेज में 89 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

श्योपुर का मेडिकल कॉलेज का संचालन इसी सत्र से आरंभ होगा। इसके लिए सभी तैयारियां हो गई हैं। कॉलेज प्रबंधन की माने तो पहले शिक्षण सत्र में श्योपुर के मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरी की पढाई करने के लिए 100 सीटों पर प्रवेश होगा। अभी तक 89 छात्र छात्राओं का प्रवेश हो चुका है। शेष बची 11 सीटों पर प्रवेश अगली काउंसलिंग के दौरान हो जाएगा। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अनिल अग्रवाल ने बताया कि प्रवेश के लिए शेष बची 11 सीटों के लिए काउंसलिंग 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच होगी।

### सीएम आएंगे

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 12 अक्टूबर को श्योपुर आएंगे। वे रोड शो के लिए श्योपुरवासियों से मुलाकात करेंगे और पुलदरवाजे पर चौधरी चरणसिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मेडिकल कॉलेज के छात्रों से भी उनका संवाद रहेगा। मेला मैदान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में सीएम का श्योपुर को दी गई सौगातों के लिए नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

**शशांक भूषण**
**जिलाध्यक्ष भाजपा, श्योपुर**

## शहर की विवेकानंद बस्ती में निकला पथ संचलन

# पथ संचलन: घोष की थाप पर स्वयंसेवकों ने सुपथ की ओर बढ़ाए कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्योपुर शहर में बस्ती वार पथ संचलन का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शहर की विवेकानंद बस्ती का पथ संचलन निकला। जिसमें बड़ी संख्या में पाली रोड और सलापुरा क्षेत्र के स्वयंसेवक संघ की गणवेश पहनकर और हाथ में दण्ड लेकर शामिल हुए।

शुक्रवार को सुबह 8 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण कॉलेज ग्राउंड में हुआ। जहां पहले शस्त्र पूजन और बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। बौद्धिक कार्यक्रम में प्रांतीय अधिकारी शैलेन्द्र तिवारी मुख्य वक्ता और जिला सह संघ चालक अशोक माधवनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद यहां से संघ का पथ संचलन आरंभ हुआ। पथ संचलन गांधी सेवा आश्रम, वार्ड क्रमांक 10 चिंता हरण हनुमान मंदिर होते हुए सलापुरा नहर पहुंचा। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक घोष की थाप पर अपने कदम ताल मिलाते और लोगों में देश भक्ति का भाव जगाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन सलापुरा नहर से सलापुरा होते हुए वापस कॉलेज ग्राउंड में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। पथ संचलन का जगह जगह स्वागत किया गया। उधर शाम के समय बाल्मिकी बस्ती का पथ संचलन निकला। इसके लिए स्वयंसेवको का एकत्रीकरण भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में हुआ, इसके बाद यहां से पथ संचलन आरंभ हुआ,जो बस्ती के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।



### आज निकलेगा गुरूगोविंद सिंह बस्ती का संचलन

शनिवार को गुरूगोविंद सिंह बस्ती का पथ संचलन निकलेगा। इसके लिए इस बस्ती के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण शनिवार को शाम 5 बजे ब्लॉक ग्राउंड में होगा। यहां प्रांतीय अधिकारी शैलेन्द्र तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेगे। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद पथ संचलन शुरू होगा।

# निरीक्षण में यूरिया के स्टॉक में मिली भिन्नता एसडीएम ने खाद दुकान को किया सील्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कृषि आदान सामग्री विक्रय करने वाली फर्मों एवं दुकानों के निरीक्षण किए जाने संबंधी दिए गए। निर्देशों के क्रम में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा ने शुक्रवार को बडौदा पहुंचकर खाद दुकान का निरीक्षण किया। जब एसडीएम बडौदा स्थित हरियाणा कृषि भंडार का निरीक्षण कर रहे थे,तब उन्हें दुकान के अंदर यूरिया खाद के भौतिक स्टॉक एवं ऑनलाइन स्टॉक में भिन्नता पाई गई। इस एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए दुकान को आगामी आदेश तक सील्ड करने की कार्यवाही की गई है तथा विस्तृत जांच की जा रही है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुरेश राठौर आदि उपस्थित थे।



# ढोटी में बगैर लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर की दवाईयां जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

तहसीलदार श्योपुर मनीषा मिश्रा ने शुक्रवार को राजस्व वृत्त प्रेमसर के ग्राम ढोटी में संचालित जय माता दी मेडिकल स्टोर की जांच की, जांच के दौरान पाया गया कि मेडिकल स्टोर की लाइसेंस अवधि 21 अप्रैल 2021 को ही समाप्त हो गई थी। इस पर मेडिकल स्टोर में उपलब्ध लगभग 25 हजार रूपये की दवाईयां, इजेक्शन आदि जब्त कर मौके पर मौजूद ड्रग इस्पेक्टर मनीष कुशवाह की सुपुर्दी में देते हुए आगे की जांच एवं कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। कार्यवाही के दौरान ड्रग इस्पेक्टर सहित पटवारी हर्ष उपाध्याय, अरूण दातरे आदि मौजूद रहे।



# श्योपुर पहुंचीं नवागत जिपं सीईओ, संभाला पदभार, ली अधिनस्थ अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर की नवागत जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि नवागत सीईओ सौम्या आनंद वर्ष 2021 की आईएएस अधिकारी है और श्योपुर की पहली लेडी जिला पंचायत सीईओ हैं। श्योपुर आने से पहले वे शहडोल में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ थी। शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत सीईओ ने जिला पंचायत सभागार में अधिनस्थ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक करते हुए उनसे परिचय प्राप्त किया। साथही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा वर्तमान में योजना अंतर्गत प्रगति पर चर्चा करते हुए संबंधितो को दिशा-निर्देश दिए।



## सीमा पर दुश्मन से अधिक करप्ट सिस्टम से लड़ना मुश्किल: जादौन

# फौजी बोला जमीन से कब्जा नहीं हटा तो कर लूंगा आत्म हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हम सैनिक सीमा पर 24 घंटे जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हैं कब कौन सी गोली शरीर को छू जाए और आत्मा कब परलोक सिधार जाए पता नहीं। लेकिन देश पर आंच न आए भले ही जान चली जाए, यही सैनिक धर्म होता और इस धर्म का पालन सैनिक अपनी जान देकर भी करता है। लेकिन सैनिक जिस देश के लिए जान की बाजी लगाता है उस देश का सिस्टम इतना भ्रष्ट हो गया है कि उसे देखकर आत्महत्या करने का मन हो उठता है। इसकी बानगी मेरी खुद की जमीन है जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है और प्रशासन को कई बार आवेदन देने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। कभी कभी तो ऐसा लगता जैसे पूरे सिस्टम को खरीदा जा चुका है। जब एक सैनिक के साथ ही प्रशासन न्याय नहीं कर पा रहा है तो फिर किसके साथ करेगा?। ऐसा लगता है कि इस करप्ट सिस्टम से लड़ना देश के लिए दुश्मन से लड़ने से भी अधिक मुश्किल हो गया है। यह बात जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में तैनात सीआरपीएफ के जवान मोहर सिंह जादौन ने शुक्रवार को पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। वह पांचों कॉलोनी वीरपुर में अपनी जमीन पर दबंगों के कब्जे से परेशान हैं।



राष्ट्रपति मेडल से सम्मानित मोहर सिंह जादौन ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि उसकी जमीन पर दबंगों ने कब्जा किया हुआ है जिसके लिए वह 2021 से लगातार आवेदन दे रहा हैं आवेदन देने के बाद उसे बार-बार बुलाया जाता है, सेना से छुट्टी मिलना आसान नहीं होता है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसकी ड्यूटी पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र में लगाई गई थी जिसके चलते हुए आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी लेने नहीं आ पाया, अब आया हूं तो भी वहीं पुराना रटा रटाया जवाब नया आवेदन दे जाओ, सेना से छुट्टी लेकर आवेदन देने आता हूं लेकिन अफसर आवेदनों का निराकरण करने के बजाय सिर्फ एक दूसरे को आवेदन मार्क करने तक करने कर्तव्य से इतिश्री कर रहे हैं ऐसा लगता है कि जिस व्यक्ति ने मेरी जमीन पर कब्जा किया है वह उन अफसर को खुश कर मेरे आवेदन को दबा देता है अगर मेरे आवेदन पर अब कार्रवाई नहीं हुई तो मैं पूरे परिवार के साथ आत्महत्या कर लूंगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सैनिक ने बताया कि जिस व्यक्ति ने उसकी जमीन पर कब्जा किया हुआ है वह दबंग होकर राजनीति से जुड़ा हुआ है इसलिए राजनेताओं के प्रभाव के चलते प्रशासन सैनिक की जमीन खाली नहीं कर पा रहा है।

# विवाहिता को परेशान करने उसकी ससुराल पहुंचा प्रेमी, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विवाहिता शादी के बाद ससुराल पहुंची तो प्रेमी युवक उसे परेशान करने के लिए उसके ही ससुराल में पहुंच गया और मौका देखकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। इससे गुस्साए विवाहिता ने उसके खिलाफ विजयपुर थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि मुरैना जिला निवासी एक युवती शादी होने के बाद विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित अपनी ससुराल में आ गई। शादी के बाद उसने उससे दोस्ती रखने वाले युवक से दोस्ती खत्म कर ली। लेकिन यह बात उसे रास नहीं आई, इसलिए वह युवक विवाहिता को परेशान करने के लिए उसकी ससुराल पहुंच गया और ससुराल में मौका पाकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर महेन्द्र पुत्र मुंशी कुशवाह निवासी तिरावली थाना चिन्नौनी जिला मुरैना के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

# दिनदहाड़े बस स्टैंड से बाइक चोरी

**श्योपुर।** शहर के एकीकृत बस स्टैंड से एक मोटरसाइकिल दिन दहाड़े चोरी हो गई। बाइक चोरी की यह घटना गुरूवार की शाम की है, लेकिन अभी तक न तो बाइक मिल सकी है और न ही बाइक चोरों का कोई सुराग मिल सका है। कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शिवपुरी जिले के ग्राम करौली हाल शिवपुरी निवासी प्रवीण रावत ने गुरूवार की शाम को अपनी कंपनी के किसी काम से श्योपुर पहुंचा था,उसके साथ उसका भाई था। बस स्टैंड परिसर में बने मंदिर के पास यह अपनी बाइक जिसके अभी रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं आए है को रखकर बाजार में जरूरी सामान की खरीदारी करने के लिए चले गए। करीब घंटेभर बाद जब यह लोग वापस बस स्टैंड पहुंचे,तब तक इनकी बाइक को कोई चोर चोरी करके ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो इन्होंने कोतवाली थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## कलेक्टर के निर्देश पर ग्वालियर से आई गोताखोर मैकेनिक टीम ने किया मेंटेनेंस

# मिली राहत, अब और खाली नहीं होगी सीप नदी, ठीक हुआ बंजारा डैम का गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बंजारा डैम से पानी निकास के लिए बनाया गया गेट बीच रास्ते में अटक जाने के कारण सीप नदी के सूखने का जो खतरा मंडरा गया था वह अब दूर हो गया है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर ग्वालियर से आई मैकेनिकल टीम ने पानी में उतर कर न सिर्फ अटके गेट को ठीक कर दिया है बल्कि गेट लगाकर पानी निकासी द्वार से पूरी तरह बंद भी कर दिया है।

ज्ञात हो कि बारिश के समय गेट बीच रास्ते में अटक गया था जिससे पानी तेजी के साथ बंजारा डैम में बने इस गेट से निकल रहा था। सीप नदी आधी से अधिक सूख चुकी थी ऐसी स्थिति में सीप के सूख जाने से शहर में भयंकर पेयजल संकट उत्पन्न होने की आशंका व्याप्त होने लगी थी, इस मामले में जहां भाजपा नेता गिरराज चौधरी ने कलेक्टर अर्पित वर्मा से तो पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर गेट ठीक कराने की मांग की थी, जिसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जल संसाधन विभाग को तत्काल गेट का मेंटेनेंस कराकर बंद करने के निर्देश दिए थे।



### शहर का भूजल स्तर सामान्य बनाए रखने में सहायक सीप

शहर के बीच से गुजरी सीप नदी शहर का भूजल स्तर सामान्य बनाए रखने में सहायक है। जब-जब सीप नदी में पानी भरा रहता है तब तक शहर का भूजल स्तर भी सामान्य बना रहता है और जब जब सीप नदी सूख जाती है तब तब शहर का भूजल स्तर बहुत नीचे तक चला जाता है। हालांकि भूजल स्तर गिरने की यह परिस्थिति भीषण गर्मी में देखने को मिलती है लेकिन इस बार बारिश के सीजन में ही सीप नदी सूखना शुरू हो गई और पानी जिस तेजी से कम हुआ उससे इस बार शहर के भयंकर जल संकट से जूझने का संकट उत्पन्न हो गया था जिसके कारण कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गेट को अविलंब ठीक कराने के निर्देश दिए थे।

विगत वर्ष बारिश के समय बंजारा डैम का गेट बीच रास्ते में अटक गया था जिसे ठीक करने के लिए ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुलाए थे जिन्होंने पानी से भरे बंजारा डैम के भीतर जुगाड़ लगाकर गेट को ठीक तो कर दिया लेकिन 100 साल से भी अधिक पुराना होने के कारण गेट दोबारा से बारिश के सीजन में फिर अटक गया। हालात विगत वर्ष की तरह फिर निर्मित हो गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देश के बाद जलसंसाधन विभाग ने बीते दिनों ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुला तो लिए लेकिन उन्होंने मौके पर पहुंचने के बाद यह कहते हुए गेट ठीक करने के लिए पानी में उतरने से मना कर दिया था कि अभी सीप नदी में पानी अधिक है, ओर अधिक पानी होने के कारण काम करने वाले मजदूरों की जान का खतरा था। जिस जगह मैकेनिकों को गेट ठीक करना है वहां से पानी तेज बहाव के साथ निकल रहा है जिसमें फंसकर उनकी जान जा भी सकती है। फिलहाल गोताखोर मैकेनिक सीप नदी का पानी और उतरने के बाद ही गेट सही करने की बात कहते हुए वापस लौट गए लेकिन कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा गेट को अविलंब ठीक कराने के दिए निर्देश के तहत गुरुवार को ग्वालियर से दोबारा आई गोताखोर मैकेनिक टीम ने पानी में उतरकर गेट का मेंटीनेंस कर दिया, जिसके बाद सीप नदी जो रोजाना करीब एक फीट खाली हो रही थी जो अब न सिर्फ खाली होना रुक गई बल्कि अब धीरे धीरे भरने भी लगेगी।

### गेट खराब नहीं हुआ चूड़ी चढ़ जाने से अटक गया था

हालांकि ग्वालियर से आई गोताखोर मैकेनिक टीम एक बार पानी का अधिक बहाव देखकर वापस लौट चुकी थी और जब गुरुवार को वापस आई तब उसने अपने संसाधन लगाकर पानी में उतरने की तैयारी भी कर ली थी लेकिन गेट का बारीकी से मुआयना करने पर टीम को गेट तो ठीक लगा लेकिन चूड़ियां चढ़ी हुई दिखाई पड़ी जो मानवीय गलती के कारण होना बताई जा रही है। मेकेनिकल टीम ने बताया था कि गेट को जरूरत से अधिक खोल देने के कारण वह उसकी चूड़ियां चढ़ गई और बोल्ट अधिक खोलने से रोकने लगाया गया था वो टूट गया जिस कारण गेट बीच में अटक गया। टीम ने गेट की चूड़ियों को वापस लेवल कर गेट को लगा दिया और नसीहत दी है कि गेट खोलते समय संयम बरतें गेट अधिक खोला जाएगा तो फिर इसी तरह बीच में अटक सकता है।

### इनका कहना...

कलेक्टर के निर्देश पर ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुलाए गए है जिन्होंने गुरुवार को बंजारा डैम पर पहुंचकर ठीक कर दिया है, अब गेट से पानी का बहाव रुक गया है। अभी आवदा डैम से पानी की आवक जारी है जितना भी पानी खाली होगा उतना दोबारा भर जाएगा। चंबल नहर का पानी भी सीप में आएगा। सीप के सूखने का कोई खतरा नहीं है।

**चैतन्य चौहान**
**ईई जल संसाधन विभाग, श्योपुर**

# देश की प्रगति में भी भागीदारी निभाएं क्षत्रिय:मेघराज

**श्योपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा का दशहरा मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को शाम 06 बजे धूमधाम के साथ सम्पन्न हो गया। इस मौके पर सर्वप्रथम शहर में चल समारोह निकाला गया जो महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचा जहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात नपा ऑडिटोरियम में मुख्य समारोह का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रॉयल भामाशाह राजपूत समाज मेघराज सिंह शोखावत मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षत्रीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह तोमर, महिला क्षत्रीय महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता तोमर, प्रदेशाध्यक्ष राजपूत करणी सेना शिवप्रताप सिंह चौहान, शक्ति सिंह बांदीकुई, पूर्व विधायक सत्यपाल नीटू सिकरवार सहित अन्य मौजूद रहे। क्षत्रीय महासभा के दशहरे मिलन समारोह का आगाज श्रीहजारेश्वर पार्क से हुआ जहां समाजबंधुओं का एकत्रीकरण किया गया यहां से विशाल चल समारोह शुरू हुआ जिसका स्थान स्थान पर भव्य स्वागत सत्कार किया गया एवं महाराणा प्रताप चौक पर वीर महाराणा प्रताप का माल्यापण किया गया, इसके बाद मुख्य समारोह नपा ऑडिटोरियम में शुरू हुआ जहां मुख्य अतिथि रॉयल भामाशाह राजपूत समाज मेघराज सिंह शेखावत ने कहा कि क्षेत्रीय समाज को देश की प्रगति में अपनी भागीदारी निभानी है जिसमें सभी को एक साथ आगे बढ़ना है चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो या सामाजिक क्षेत्र हो या फिर आर्थिक क्षेत्र हो, सभी जगह अपनी उपस्थिति दर्ज करायें साथ ही सर्वसमाज के हित में काम करें जिससे हमारे मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श स्थापित हो सकें। इस दौरान शक्ति सिंह बांदीकुई ने कहा कि हम उस समाज से हैं जहां भगवान श्रीराम ने माता शबरी के झूठे बेर खाए और सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की, वर्तमान में जो ढोंग रचे जा रहे हैं इससे आपको सावधान रहना है और समरसता की वास्तविक परिणिती को गढ़ना है। इसके साथ ही कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने सम्बोधन प्रस्तुत किये। इस दौरान कार्यक्रम में नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई साथ ही अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन ओजस्वी राष्ट्रकवि प्रदीप सिंह पंवार टोंक ने किया।




### इनकी रही उपस्थिति

अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के दशहरा मिलन समारोह में विशेष रूप से पूर्व मंडी अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया, पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह तोमर भिडौसा, प्रदेशाध्यक्ष क्षत्रीय महासभा सुखवीर सिंह तोमर, प्रदेशाध्यक्ष राजपूत करणी सेना दिलिप सिंह खजूरी, भंवर सिंह जी घाटी बनां, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, संरक्षक प्रदीप सिंह चौहान, महावीर सिंह सिसौदिया, ऋषिराज पालपुर, संदीप बना रघुनाथपुर, अरूण सिंह तोमर ग्वालियर, कार्यक्रम संयोजक भूपेन्द्र सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष सोबरन सिंह जादौन, युवा जिलाध्यक्ष आशीष चौहान, महिला जिलाध्यक्ष सरोज तोमर, पूनम राजावत, जिला महामंत्री सचिन परमार, जिलाध्यक्ष करणी सेना परिवार नितिन सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति नवीनीकरण आवेदन ऑनलाइन शुरू

**शिवपुरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवीनीकरण आवेदनों की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके लिए पात्र विद्यार्थियों हेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो कि वर्ष पर्यंत जारी रहेगी। जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की गई है कि वे निर्धारित पोर्टल पर समय रहते अपना नवीनीकरण आवेदन भरकर छात्रवृत्ति का लाभ अवश्य प्राप्त करें। यह पहल विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में निरंतरता और वित्तीय सहयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। इसके साथ ही जिले की समस्त महाविद्यालयीन संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को समय पर सूचित करें और उनका नवीनीकरण आवेदन पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। शासन की यह पहल न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को प्रोत्साहित करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी सशक्त बनाएगी।

### धान, ज्वार और बाजरा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 10 तक

**शिवपुरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा हेतु जिले में 09 पंजीयन केन्द्र का निर्धारण किया गया है। जिसमें सेवा सहकारी संस्था गढीवरोद, सेवा सहकारी संस्था बमरा, सेवा सहकारी संस्था रन्नौद, विपणन सहकारी संस्था करैरा, विपणन सहकारी संस्था नरवर, सेवा सहकारी संस्था सीहोर, सेवा सहकारी संस्था नरवर, सेवा सहकारी संस्था नरौआ, सेवा सहकारी संस्था चिन्नौदी में समिति मुख्यालय पर पंजीयन किया जाएगा। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। अब किसान स्वयं के मोबाइल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केंद्रों में लाइन लगाकर पंजीयन कराने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। किसान द्वारा विभिन्न स्थानों/तरीकों से धान, ज्वार एवं का पंजीयन 10 अक्टूबर 2025 तक कराया जा सकेगा।

### सड़क दुर्घटना प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को कुल 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सड़क दुघर्टना के एक प्रकरण में शिवपुरी जिले के तहसील शिवपुरी के ग्राम पतारा निवासी मृतक अनिल पुत्र रामचरण आदिवासी के वैध वारिस भाई छोटू आदिवासी को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## भगवान राम और रावण की सेना रथ पर सवार होकर निकली

# रामलीला मंच से विजया दशमी पर चल समारोह निकाला गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विजयादशमी पर स्थानीय रामलीला मंच से एक विजयी चल समारोह उत्साह पूर्वक निकाला गया। इस चल समारोह में राम लीला के पदाधिकारियों द्वारा विजयीरथ पर सवार प्रभु श्रीराम की सेना को और दशानन रावण की सेना को दशहरा मैदान पर रवाना किया गया। इस चल समारोह में मेघनाथ के पुतले को भी हर वर्ष की तरह शामिल किया गया था।

इस मौके पर कई घोड़ों पर सवार भी उत्सव में शामिल होने के लिए जाते हुए देखे गए। गाजे वाजों के साथ निकले इस चल समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गयाप्रसाद कलाकार मण्डल के अध्यक्ष राव यादवेन्द्र सिंह यादव उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव रजनीश सिंघई, कोषाध्यक्ष गोविंद गुप्ता सहित रामलीला के छोटे बड़े सभी कलाकार शामिल थे। यह चल समारोह सुभाषगंज से प्रारंभ होकर शहर के स्टेशन रोड़ गांधी चैक, सुराना चैराहा, पठार होते हुए दशहरा मैदान पहुंचा।





जहां राम दरवार के लिए अलग मंच बनाया गया था इस विजयादशमी के पर्व पर प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विजयादशमी के पर्व पर अपना संबोधन दिया। इस दौरान रामलीला के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। हर बार की तरह इस बार भी रावण के पुतले की लकड़ी लूटने के लिए लोगों को मैदान के अन्दर घुसकर लकड़ियां ले जाते हुए देखा गया। पुलिस ने जवानों ने ऐसा करने से रोका लेकिन लोगों की भीड़ पुतले की लकड़ी ले जाते हुए देखी गई। लोगों का मानना है कि जलते हुए रावण की लकड़ी को घर ले जाने से सम्पन्नता आती है। इसीलिए हर वर्ष लोग यह पुतले की लकड़ी लेकर जाते हैं।

### आकर्षक आतिशबाजी का कमाल देखने को मिला

दशहरा मैदान पर राम और रावण की सेनाओं के बीच युद्ध होते हुए दिखाया गया। इस मौके पर राम और रावण के बीच संवाद भी सुनाए गए। दशहरा मैदान पर आर्कषक आतिशवाजी का प्रदर्शन भी किया गया। मण्डल के अध्यक्ष डॉ. जयमण्डल यादव , सचिव कैलाश गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. हरवीर रघुवंशी, सह सचिव तेजन्दर खुराना, गौपाल कौल, देवेन्द्र अग्रवाल, सौरभ गुप्ता टिंगू, सहित कई पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान आर्कषक आतिशवाजी ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान एक के बाद एक आर्कषक आतिशवाजी शहर के आकाश को रोशन करती हुए नजर आई। इस दशहरा उत्सव पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ आयोजन स्थल पर शामिल थी। व्हीआईपी लोगों को अन्दर प्रवेश दिया गया था और सामान्य लोगों को बाहर से ही इस कार्यक्रम को देखना पड़ा। सबसे पहले मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। असत्य पर सत्य की विजय और अच्छाई पर बुराई के प्रतीक यह पुतले धूं धूं कर जल उठे। मेघनाथ के बाद कुम्भकरण और सबसे अन्त में रावण के पुतले का दहन किया।

## कई सीन आर्कषक ढंग से किए तैयार

# रामलीला में मेघनाथ, कुम्भकरण अहिरावण के वध का मंचन किया



**अशोकनगर।** श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज में चल रही है जिसमें सर्वप्रथम भगवान गणेश जी की रामायण जी की आरती, इसके बाद रामजी की आरती की गई। इस रामलीला में रावण के परिवार के एक-एक योद्धा राम की सेना के आगे ढेर हो गए। यह सब रामलीला के मंचन में दिखाया गया।

प्रथम दृश्य में रावण को लक्ष्मण जी के जीवित होने की खबर मिलती है रावण विचार करता है मुझे अब कुंभकरण को जगाना चाहिए कुंभकरण महाराज को जगाने के लिए ढोल नगाड़े बजाए जाते हैं अंत में बड़ी मुश्किल से कुंभकरण महाराज जागते हैं और युद्ध के लिए जाते हैं युद्ध में कुंभकरण महाराज का सामना भालूयों से होता है युद्ध में कुंभकरण के रूप में अशोक शर्मा के सामने उनके नाती धैर्य जो की 4 साल के हैं उनसे लड़ाई लड़ते हैं यह दृश्य देखने लायक था एक ही मंच पर तीन पीढ़ी के साथ थीं युद्ध में कुंभकरण महाराज मारे जाते हैं इसके पश्चात मेघनाथ और लक्ष्मण का शानदार संवाद हुआ जिसमें मेघनाथ ने मायावी यज्ञ किया और उस यज्ञ को विध्वंस करके मेघनाथ का वध लक्ष्मण ने किया। कुंभकरण के बद की सूचना जब रावण को मिली तब रावण पाताल लोक से अहिरावण से बुलाता है अहिरावण माया रचते हैं माया से अहिरावण लक्ष्मण और राम जी को अपने साथ पाताल लोक ले जाते हैं पाताल लोक में राम लक्ष्मण को बलि चढ़ाते हैं। पाताल लोक में काली माता का बहुत ही शानदार दृश्य दर्शाया गया। इसके पश्चात हनुमान जी महाराज वहां पहुंचते हैं और अहिरावण का वध करके राम लक्ष्मण को वापस लेकर आ जाते हैं राम लक्ष्मण को वापस लाने के साथ ही लीला को विराम दिया गया।

## दो वेदियों पर किया गया है प्रतिमाओं को स्थापित

# जैन मंदिर की प्रतिमाएं क्रेन की मदद से नए जिनालय में पहुंची


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यामिक संत पुंगव मुनि सुधासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में सुभाष गंज जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है। 86 वर्ष पुराना यह मंदिर अब आने वाले वर्षों में अपने नए स्वरूप में नजर आएगा। नया मंदिर बनने में समय लगने से इस मंदिर की सभी प्रतिमाओं को सुभाषंगज में विद्यासागर भवन में नए जिनालय का निर्माण कर भक्तिभाव से स्थापित किया गया है।

सुभाषगंज जैन मंदिर में अभी तक 6 वेदियां थी जिन प्रतिमाएं विराजमान थीं इन प्रतिमाओं में बड़े आकार की प्रतिमाएं चन्द्रप्रभु भगवान, शांतिनाथ भगवान, महावीर भगवान, बाहूवली स्वामी और कुन्थनाथ भगवान की थीं। इन सभी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से सुभाष गंज जैन मंदिर की वेदी से नए जिनालय की वेदी पर लाने की







प्रक्रिया प्रदीप भैया की उपस्थिति में पूरी की गई। यह सभी प्रतिमाएं नए जिनालय में नीचे की वेदी पर स्थापित की गई हैं। बीच में चन्द्रप्रभु स्वामी का दरवार बनाया गया है। जहां चन्द्रप्रभु स्वामी के साथ शांतिनाथ भगवान और महावीर भगवान की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं तथा खड़े आसन की दोनों प्रतिमाएं इन तीनों प्रतिमाओं के दोनो ओर स्थापित की गई हैं जिनमें भगवान बाहूबली स्वामी और भगवान कुन्थनाथ की प्रतिमाएं हैं।

शेष वेदियों पर विराजमान प्रतिमाओं को एक एक वेदी से मंत्रोच्चार के बीच उठाकर नए जिनालय की ऊपर की वेदी पर स्थापित किया गया है। जिसमें चैबीसी वेदी की प्रतिमाएं, चैधरी परिवार की वेदी की प्रतिमाएं और सबसे निचले तल पर जो प्रतिमाएं विराजमान थीं उन्हें भी नए जिनालय की ऊपर की वेदी पर स्थापित किया गया है। इस तरह सुभाषगंज जैन मंदिर में अब एक भी प्रतिमा नहीं हैं यह मंदिर पिछले 85 सालों से यहां के जैन श्रद्धालुओं की आराधना और उपासना का केन्द्र था। लेकिन समय की आवश्यकता को देखते हुए। अब इस मंदिर की पहचान दर्शनीय होने के साथ साथ वास्तुकला और आर्कषक स्वरूप में आने वाले दिनों में नजर आएगी।

# नवमी की पूजा के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नवरात्रि महापर्व के अतिंम दिन नवमी की पूजा की गई। इस दौरान पूरे शहर में झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। झांकिया समाप्त होने के देर रात 12 बजे से कई झांकियों में हवन पूजा के आयोजन किए गए। दोपहर 11 बजे के बाद भण्डारे के आयोजन हुए। जहां श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी प्राप्त की। नवरात्रि का यह पर्व अशोकनगर शहर में धूमधाम के साथ भक्ति और आराधना कर मनाया गया। इस बार नवरात्रि पर्व 10 दिनों का होने से 10 दिन तक माता की आराधना की गई। माता के श्रद्धालुओं द्वारा 10 दिन तक उपवास भी रखा गया। अष्टमी और नवमी के मौके पर अनेक महिलाएं नवरात्रि पर्व के इन दो विशेष दिनों में शीतला माता के दरबार में पूजन करने पहुंची। यहां महिलाओं ने शीतला माता के दरवार के चारों ओर अलग अलग स्थान पर बैठकर पूजा अर्चना की, प्रसाद चढ़ाया महिलाएं अपने घर से प्रसाद तैयार कर ले गई थीं।

इस मौके पर शीतला माता का अभिषेक किया गया। यहां जितने भी मंदिर है। उन सभी मंदिरों पर महिलाओं ने अभिषेक किया। जिन परिवारों में अष्टमी और नवमी की पूजा की जाती है। वह परिवार अपने अपने घर पहुंचें और परिवार जनों की उपस्थिति में देवी मां की आराधना की गई।

**शहर में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाने की तैयारी:** नवरात्रि पर्व के इस मौके पर बीती रात झांकियों का आखिरी दिन होने से श्रद्धालुओं को झांकियों में दर्शन करने के लिए जाते हुए देखा गया। नवमी के साथ नवरात्रि पर्व का समापन हो गया है। अब श्रद्धालुओं द्वारा माता की इन प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए जल स्त्रोतों पर ले जाया जाएगा। अशोकनगर शहर में नगरपालिका और प्रशासन ने तुलसी सरोवर के पास विर्सजन कुण्ड का निर्माण किया है। जहां माता की प्रतिमांए जल में विसर्जित की जाएंगी। अशोकनगर के तुलसी सरोवर पर बने विसर्जन कुण्ड के अलावा अनेक श्रद्धालुओं द्वारा इन प्रतिमाओं को तूमैन की त्रिवेणी नदी, भादौन नदी और अखेबर घाट पर भी ले जाया जाता है। इस तरह शहर में पूरी रात प्रतिमाओं को विसर्जन करने का कार्यक्रम तो चलता है जो कि अगले दिन तक भी जारी रहता है। मांता के भक्त नाचते गाते हुए इन प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाते हैं और नम आखों से माता को विदाई देते हैं।

# कांग्रेस कमेटी ने मनाई महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय गांधी पार्क पर गाँधी जी क़ी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। कार्यक्रम में अशोकनगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह अशोकनगर के विधायक हरी बाबू राय समेत सभी बरिष्ठ कांग्रेस के साथी उपस्थित रहें। अशोकनगर विधायक हरी बाबू राय नें बताया क़ी भारतीय जनता पार्टी के लोग दोहरी मानसिकता के लोग है एक तरफ देश के प्रधानमंत्रीदेश के प्रधानमंत्री गाँधी जी को श्रद्धांजलि देते है बही उन्ही क़ी पार्टी के लोग नाथू राम गोडसे जिंदाबाद करते है। उन्होंने बताया क़ी जो लोग गाँधी जी को नहीं मानते बह अपने पास भारतीय मुद्रा को क्यों रखते है, उस में भी गांधी जी का चित्र अंकित है, कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह नें बताया कि आज़ गाँधी जी के साथ देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्म दिवस है, शास्त्री की सादगी एवं दृढ़ निश्चय के प्रतीक थे। हम सब लोगों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए भारतीय सेना एवं किसानों को जय जवान जय किसान का नारा देकर उनका हौसला बढ़ाया था, आज़ देश में विचार धारा क़ी लड़ाई चल रही है लेकिन हमें गाँधी जी के विचारों पर चल कर देश को तोड़ने बाली तागतो से मिल कर लड़ना है। इसके पश्चात कोंग्रेसीयों नें स्थानीय सुभाषगंज पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद गुप्ता के परिवार का साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

## समाजजनों ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम की भव्य महाआरती

# विजयदशमी पर रघुवंशी धर्मशाला में हुआ शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद् द्वारा विजयदशमी के पावन अवसर पर स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिषद् के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय रघुवंशी (खैजरा) एवं युवा टीम के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमित रघुवंशी (कूड़ई) ने विधिवत शस्त्र पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम का संचालन यशवंत रघुवंशी (झीला) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर रघुवंशी धर्मशाला को विशेष रूप से सजाया गया। पूजन स्थल पर चैकियां सजाकर पूजा की थाली एवं आवश्यक पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई, जहां समाजजनों ने अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र रखकर पारंपरिक विधि से पूजन किया। तत्पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम की भव्य आरती की। आरती उपरांत बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा की दृष्टि से तलवारबाजी एवं दण्ड का प्रभावी प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। कार्यक्रम में





संपूर्ण जिले से समाजजन बड़ी संख्या में अपने-अपने अस्त्र-शस्त्रों के साथ उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। परिषद की महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव गंगा रघुवंशी एवं जिला अध्यक्ष दीपा रघुवंशी भी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहीं।

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद् द्वारा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा हेतु चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत शिवकुमार रघुवंशी (कुकरेटा) ने एक निर्धन बालक की शिक्षा का संपूर्ण उत्तरदायित्व वहन करने की घोषणा की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आनंद रघुवंशी (तरावली) ने सभी आगंतुकों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि परिषद् के युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमित रघुवंशी (कूड़ई) को संगठन द्वारा प्रदेशभर में शस्त्र पूजन कार्यक्रमों का प्रभारी नियुक्त किया गया था। उनके निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में प्रदेश के 24 जिलों में एक साथ विजयदशमी पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए।

## विजयादशमी पर थाना मुंगावली में हुआ शस्त्र पूजन समारोह

**मुंगावली।** विजयादशमी पर्व के अवसर पर गुरुवार को थाना परिसर मुंगावली में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने विशेष रूप से उपस्थित होकर पुलिस बल के साथ शस्त्र पूजन किया। पूजन कार्यक्रम की शुरुआत विधिविधान से पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ करवाई गई।

इस दौरान परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ हथियारों का पूजन कर समृद्धि और सुरक्षा की मंगलकामनाएँ की गईं। कार्यक्रम में एसडीएम इसरार खान, तहसीलदार सोनम शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, थाना प्रभारी जोगेन्द्र सिंह यादव सहित पुलिस स्टाफ व नगर के कई गणमान्यजन उपस्थित रहे विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि "शस्त्र पूजन हमारी परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। विजयादशमी का पर्व हमें सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पुलिस बल द्वारा प्रतिदिन समाज की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया जाता है, ऐसे में शस्त्र पूजन का महत्व और भी बढ़ जाता है।" पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और आस्था का वातावरण बना रहा। शस्त्र पूजन संपन्न होने के बाद उपस्थित अतिथियों और अधिकारियों ने विजयादशमी पर्व की एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं।

